फा. सं. 48013/1/2012-मा. (समन्वय),वॉल्यूम- III (ई -3595 )

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग, प्रथम तल

36, जनपथ ' नई दिल्ली

दिनांक 14 दिसंबर, 2022

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः मत्स्यपालन विभाग के संबंध में नवंबर, 2022 माह की प्रमुख गतिविधियां और मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर मंत्रालयों/विभागों द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट के संबंध में ।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और इसके साथ नवंबर, 2022 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

संलग्नक : यथोक्त

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)

सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति

मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1) मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ : श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2) प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3) राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली
4) उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली

5) प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6) भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग के सचिव
7) सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**<u>सूचना के लिए प्रतिलिपि:</u>**

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3) सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4) अपर सचिव एवं वित्त सलहकार के प्रधान निजी सचिव
5) मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में नवंबर, 2022 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां**

1. नवंबर, 2022 के महीने के दौरान, मेघालय, गुजरात और पंजाब राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पीएमएमएसवाई के तहत 126.54 करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्से के साथ 382.59 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।
2. 32वीं परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की बैठक 18 नवंबर 2022 को आयोजित की गई और 102.46 करोड़ रुपये के परियोजना परिव्यय का मूल्यांकन किया गया और अनुमोदन की अनुशंसा की गई और साथ ही, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, तेलंगाना और लक्षद्वीप की राज्य कार्य योजना के लिए अनुमोदन की अनुशंसा दी गई।
3. माननीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (एफएएचडी) ने भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के गोवा बेस से जुड़े मात्स्यिकी जलयानों एमएफवी येलो फिन और एमएफवी सागरिका का दौरा किया और भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण की गतिविधियों की संक्षिप्त समीक्षा की।
4. 21 नवंबर, 2022 को दमन में राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) दमन और दीव और दादरा नगर हवेली के सहयोग से मत्स्यपालन विभाग द्वारा विश्व मात्स्यिकी दिवस -2022 का आयोजन किया गया था।
5. रोजगार सृजन और मात्स्यिकी क्षेत्र की राजस्व अर्जन क्षमता" विषय पर 15 नवंबर, 2022 को कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर संसदीय स्थायी समिति की बैठक संसद भवन एनेक्सी बिल्डिंग, नई दिल्ली में " आयोजित की गई थी।
6. 29 नवंबर, 2022 को मत्स्यपालन विभाग ने वर्तमान में चल रहे आज़ादी के अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में "फ्रोजेन फिश और मत्स्य उत्पादों के प्रचार पर उदयमियों मत्स्य संघों, राज्य विश्वविद्यालयों और मत्स्य अनुसंधान संस्थानों, मत्स्य सहकारी समितियों के केंद्र / राज्य / केंद्र शासित प्रदेशों के संकायों के अधिकारी एवं देश भर के मात्स्यिकी क्षेत्र के छात्र और हितधारक को शामिल करके एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया।
7. सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के भाग के रूप में, मत्स्यपालन विभाग और इसके अधीनस्थ संस्थानों द्वारा अधिकारियों के बीच विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसके बाद विभिन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
8. विभाग के सहयोग से 10 नवंबर, 2022 को इंडिया हैबिटेट सेंटर में सीआईआई और वर्ल्ड फिश द्वारा "स्केलिंग तिलापिया प्रोडक्शन इन इंडिया" पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
9. एनएफडीबी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) - केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान (सीआईएफई) द्वारा संयुक्त रूप से आईसीएआर-सीआईएफई, मुंबई में

4 से 5 नवंबर 2022 तक 'एनेरजाइसिंग पाथवेस फॉर फिशरीज डेवलेपमेंट' पर 2 दिवसीय परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास संबंधी चुनौतियों पर चर्चा करने और मात्स्यिकी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए उपयुक्त रणनीतियों की पहचान करने के लिए डीओएफ के साथ 25 से अधिक राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के निदेशकों और प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाया गया।

10. विभाग ने नवंबर, 2022 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एफएसएसएआई की अध्यक्षता में कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन के प्रथम कोडेक्स समन्वय समूह के साथ बैठक की।

11.तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) ने महीने के दौरान एंटीबायोटिक मुक्त पदार्थों के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए हैचरी और नौपली पालन हैचरी के 02 आवेदन, 32 एक्वा इनपुट निर्माता / वितरक कंपनियों से 593 आवेदन को मंजूरी दी। इसके अलावा, सीएए ने आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात राज्यों में स्थित 288 फार्मों और हैचरी का निरीक्षण किया और लाइसेंस की शर्तों के अनुपालन के लिए डिस्चार्ज स्थानों से पानी के 08 नमूने एकत्र किए गए।

12. केंद्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती इंजीनियरिंग संस्थान (साइसेफ) ने विभिन्न मात्स्यिकी बंदरगाहों पर ड्रेजर टीएसडी सिंधुराज के लिए तैनाती योजना तैयार की है और आठ मत्स्य लैंडिंग केंद्रों से संबंधित परियोजना प्रस्तावों का तकनीकी मूल्यांकन किया है और तमिलनाडु में दो मात्स्यिकी बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के लिए मात्स्यिकी और जल कृषि अवसंरचना विकास निधि (एफआईडीएफ) के तहत विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

13. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के छह मत्स्यन जहाजों ने भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में और उसके आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम (मरीन मैमल सर्वे प्रोग्राम) के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम चलाए और संचालित किए। इसके अलावा, एफएसएई के वैज्ञानिकों ने 28 से 2 दिसंबर, 2022 के दौरान आयोजित डेटा संग्रह और सांख्यिकी (डबल्यूपीडीएस08) पर हिंद महासागर टूना आयोग (आईओटीसी) की आठवीं वर्किंग पार्टी में भाग लिया ।

14. 4 नवंबर 2022 को इन्वेस्ट इंडिया, पर विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) और अध्यक्ष, परियोजना विकास सेल, डीओएफ की अध्यक्षता में 'भारतीय मात्स्यिकी क्षेत्र में विकास के अवसरों की खोज में भागीदारी' पर एक गोलमेज बातचीत हुई। चर्चा में डेनमार्क, आइसलैंड, जापान, मोरक्को, नॉर्वे, सिंगापुर, कोरिया, वियतनाम के दूतावासों के प्रतिनिधियों और समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने भाग लिया।

15. 15 नवंबर 2022 को मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मत्स्यपालन विभाग के साथ बातचीत करने के लिए विभाग के परियोजना विकास प्रकोष्ठ द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित की गई।

16. उपायुक्त (मात्स्यिकी) ने 31 अक्टूबर से 2 नवंबर 2022 के दौरान बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित जी-16 के 33वें सत्र में भाग लिया और सदस्यों को हिंद महासागर में हिस्सा आवंटन (कोटा एलोकेशन) पर भारत का मत प्रस्तुत किया।
17. जन शिकायतें: मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायतों का निपटान 30 नवंबर, 2022 तक 95 % था।

***